## संक्षिप्त

### कलश रोहण महोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

**निवाई।** श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर सिरस में वेदी प्रतिष्ठा व कलशा रोहण महोत्सव आचार्य इंद्रनंदी महाराज व बालाचार्य निपूर्ण नंदी महाराज के ससंघ सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। समाज के प्रतिनिधि व पूर्व सरपंच मोहनलाल जैन ने बताया कि महोत्सव को लेकर रविवार को मंदिर में विश्व शांति महायज्ञ का भी आयोजन हुआ। जहां भगवान की पूजा अर्चना और अभिषेक किया। इसके बाद दिगंबर जैन मंदिर से रथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। रथ में चंद्र प्रभु एपदम प्रभु व शांति नाथ भगवान की प्रतिमाओं को विराजमान करवाया गया। रथ यात्रा गढ़ के सामने से होते हुए मुख्य बाजारए ब्राह्मण मोहल्ला होते हुए वापस दिगंबर जैन मंदिर पहुंची। जिसमें कई श्रद्धालुओं ने भाग लिया। नेमीचंद, संजय कुमार, अंकित, आरव, आगम व अविका ने चंद्र प्रभु भगवान की प्रतिमाओं को वेदी में विराजमान करवाने का सौभाग्य प्राप्त किया। इसके बाद जैन समाज की ओर से सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

### राधा कृष्ण मंदिर में दिन दहाड़े हुई चोरी की वारदात

**कोटपूतली।** कस्बे के नगर परिषद पार्क के सामने पं. चिरंजीलाल की बगीची में स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में अज्ञात चोरों ने दिन दहाड़े चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पं. पुरूषोत्तम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम को जब वे मंदिर में भगवान की पूजा करने आये उन्होंने मंदिर का दरवाजा खोला तो पता चला कि चोरी हो गई है। अज्ञात चोर दिन दहाड़े एक चांदी का छतर, तांबे का सागर, एक पीतल का लोटा, चार तांबे के छोटे लोटे सहित 800 रुपये की नकदी पार कर ले गये। उन्होंने बताया कि उसी समय आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा तो दो बच्चे मन्दिर में जाते हुये नजर आ रहे है एवं कुछ देर बाद हाथ में एक थैला लेकर वापस आते नजर आ रहे थे। उन्हें शक है कि इन्हीं बच्चों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

### अग्निशमन वाहन की मांग

**मनोहरपुर ।** गत शनिवार को मंगलम अधोगिक क्षेत्र में आगजनि की हुई थी घटना, जिसमे करोड़ों का सामान हुआ था ख़ाक। कांग्रेस विधायक मनीष यादव ने नगरीय विकास एव स्वायत शासन मंत्री को पत्र लिखकर मनोहरपुर नगरपालिका में अग्निशामक वाहन आवंटित करने की माँग की। विधायक ने कहा कि मनोहरपुर नगरपालिका का गठन 19 जुलाई 2022 को किया गया था, जो राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 48 से लगता हुआ है। उक्त नगरपालिका के क्षेत्राधिकार में राजस्व ग्राम मनोहरपुर व प्रतापपुरा है। नगरपालिका क्षेत्र की आबादी लगभग 27000 हजार है, तथा क्षेत्रफल लगभग 1766 है । उक्त नगरपालिका क्षेत्र में लगभग 6.0 है मंगलम औधोगिक क्षेत्र स्थापित है, तथा राजमार्ग संख्या 48 पर स्थित मनोहरपुर टोल बूथ भी नगरपालिका के क्षेत्र में ही है। क्षेत्र में आगजनी जैसी घटनाएं होने पर अग्निशामक वाहन नगरपरिषद शाहपुरा से भिजवाई जाती है।

### खेलकूद प्रतियोगिता में तनुश्री राजस्थान का करेगी नेतृत्व

**निवाइ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हनौतिया बुजर्ग की छात्रा तनुश्री मीणा का राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता में चयन हुआ है। शारीरिक शिक्षक मुकेश बोहरा ने बताया कि 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत बास्केटबॉल 19 वर्ष छात्र-छात्रा प्रतियोगिता 20 से 26 नवम्बर तक पटियाला (पंजाब) में आयोजित होगी जिसमें हनौतिया बुजर्ग की छात्रा तनुश्री मीणा राजस्थान का नेतृत्व करेगी।

### आमजन को श्वांस लेने में हुई परेशानी, बढ़ी सर्दी

**कोटपूतली।** दरअसल रबी फसल की बुवाई से पहले पंजाब व हरियाणा में खेतों की सफाई हेतु किसानों द्वारा पराली जलाई जाती है। जिसके चलते पराली का धूंआ आसमान पर छा जाता है। पराली जलाये जाने का यह मसला अब राज्यों से बढकर अन्तर्राष्ट्रीय भी हो चला है। यही पराली का धूंआ प्रतिवर्ष दीपावली के बाद सर्दियों की दस्तक आने के साथ-साथ राष्ट्रीय राजधानी के ऊपर छा जाता है।

# भारतीय जनता पार्टी में बूथ का कार्यकर्ता ही सर्वोपरि : भागीरथ चौधरी



जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन।

- 30 नवंबर तक जारी रहेगा सदस्यता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 प्राथमिक सदस्य बनाये गए

**अलवर।** भारतीय जनता पार्टी सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता की अध्यक्षता में संगठन पर्व कार्यशाला का आयोजन अंबेडकर नगर स्थित जिला कार्यालय पर किया गया।

कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी उपस्थित रहे कार्यशाला को संबोधित करते हुए भागीरथ चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राजनीतिक पार्टी के साथ-एक विचारधारा भी है।

इस विचारधारा के अंतर्गत पार्टी का कार्यकर्ता ही उसका सबसे मजबूत आधार है सितंबर माह से पार्टी का राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिक सदस्यता अभियान प्रारंभ किया गया।

इसके पश्चात सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया गया जो 30 नवंबर तक जारी रहेगा सदस्यता अभियान के अंतर्गत प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 200 प्राथमिक सदस्य बनाये गए50 प्राथमिक सदस्य बनाने वाला कार्यकर्ता ही सक्रिय सदस्य बनने हेतु योग्य है प्रत्येक बूथ पर काम से कम दो सक्रिय सदस्य होना आवश्यक है प्रदेश पदाधिकारी विष्णु चेतानी मैं अपने संबोधन में कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक पार्टी है और लोकतंत्र में विश्वास करती है सदस्यता अभियान के पश्चात पार्टी में संगठन चुनाव होंगे पार्टी के अंदर संगठन के सभी चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया से पूर्ण किए जाते हैं और यह प्रक्रिया सदैव अनवरत जारी रहेगी, देश का नेतृत्व विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के हाथ में है राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार है जो विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रही है राजस्थान को अब अपराध व घोटालों से मुक्त विकसित राज्य की श्रेणी में लाने के लिए सरकार निरंतर कार्य कर रही हैं, कार्यशाला के अंतर्गत केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव की तरफ से जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी का स्वागत किया गया कार्यशाला को पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, संजय सिंह नरूका, इंद्रजीत सिंह,पूर्व विधायक जयराम जाटव, बीपी सारस्वत ने भी संबोधित किया।

कार्यशाला में अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष हामिद खान मेवाती, टोली संयोजक के जी खंडेलवाल, दिगंबर सैनी, सदस्यता अभियान जिला संयोजक हरिशंकर खंडेलवाल,जिला महामंत्री राम अवतार चौधरी, गोवर्धन सिंह सिसोदिया,उपाध्यक्ष सुभाष दायमा,हरीश यादव, देशराज वर्मा, हरिओम कटारा,जिलाकोषाध्यक्ष प्रदीप जैन, जिला मंत्री मीना सैनी, अभिराम दीक्षित, जिला प्रवक्ता एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, हुकुम फागणा, नरेश धानावत, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष तरुण जैन, किसान मोर्चा जिला संयोजक जितेंद्र राठौर,अप्रपल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष इब्राहिम खान, मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, रवि यादव, मुकेश चौधरी,राजेंद्र मिश्र, रमेश ओड, रवि सनातनी, बनवारी लाल मीणा, राहुल दीक्षित, बनवारी पटेल,बादल सेन,राम सिंह दिनकर, नरपत सिंह राजपूत, शिवचरण स्वास्थ्य बालकिशन जैन,सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे यह जानकारी जिला मिडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

## चार दिवसीय पुस्तक मेले का समापन कार्यक्रम सम्पन्न

**टोंक।** अजीम प्रेमजी फाउंडेशन, टोंक द्वारा बाल दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य पुस्तक मेले का रविवार को समापन हुआ। इस चार दिवसीय पुस्तक मेले ने साहित्य, कला, और संवाद का अद्वितीय संगम प्रस्तुत किया। मेले में शहरवासियों की उत्साहजनक उपस्थिति ने इसे विशेष बना दिया। पुस्तक मेले के दौरान देश के विख्यात कवि और साहित्यकार विनोद पदरज ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को गरिमा प्रदान की। उन्होंने षडिजिटल माध्यम और पुस्तकेंष विषय पर अपने विचार साझा करते हुए डिजिटल युग में पढ़ने की आदत बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया। उनकी कविताओं ने साहित्य प्रेमियों के मन को छुआ। उसी के साथ चार दिन तक लगातार शिक्षक संवाद कार्यक्रम, सामाजिक एवं संवैधानिक मूल्यों पर नाट्य प्रस्तुतियों का प्रभावी मंचन किया।

# विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को किया पुरूस्कृत


दीपावली स्नेह मिलन समारोह में झुमते श्रद्वालु।

- दीपावली स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन, 225 परिवारों ने लिया भाग

**कोटपूतली।** श्री श्याम परिवार कोटपूतली द्वारा कस्बे के कृष्णा टॉकीज के पास जय विलास मैरिज गार्डन में दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। श्री श्याम परिवार समिति के अध्यक्ष राजेश सवाईका ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में लगभग 225 परिवारों ने भाग लिया एवं करीब 700 महिला पुरुष बालक शामिल हुये। इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जिसमें खेल, मौखिक प्रश्नोत्तरी, लिखित प्रश्नोत्तरी आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। संस्था के अध्यक्ष राजेश सवाईका, मुख्य अतिथि मुन्नालाल मधुर, महेश गोयल आदि द्वारा बाबा श्याम के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर जागरण शुरू किया।

जिसमें ललित म्यूजिकल ग्रुप अलवर द्वारा गायक सुरजीत सिंह, राजेश सैनी, श्याम टेलर, जितेंद्र जोशी, पं. आनंद शर्मा के द्वारा बाबा श्याम के भजनों की मधुर प्रस्तुतियां दी गई। समाज को संयुक्त परिवार व भारतीय परम्पराओं से अवगत कराने का उद्बोधन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अलवर विभाग के कुटुंब प्रबोधन प्रमुख मुन्नालाल मधुर द्वारा दिया गया। श्री श्याम परिवार द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे है। अध्यक्ष राजेश सवाईका ने बताया कि श्याम परिवार द्वारा कस्बे में प्रभात फेरी, वृद्धजनों को दूर दराज प्रदेशों की धार्मिक यात्रायें, श्याम बाबा की मासिक यात्रा, तथा गिर्राज महाराज की मासिक यात्रायें आदि करवाई जाती है। इनका मानना है कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से समाज में समरसता, एकता तथा भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

# माली समाज संस्थान फुलेरा की बैठक आयोजित



बैठक के दौरान उपस्थित लोग।

- 2 और 3 दिसम्बर को होंगे भव्य कार्यक्रम

**फुलेरा।** कस्बे के श्री रामनगर स्थित माली सैनी समाज भवन परिसर में रविवार को 30:15 बजे माली सैनी समाज संस्था फुलेरा की एक आवश्यक बैठक शिक्षाविद बी. सी. माली की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में उपस्थित लोगों ने फुले दम्पति के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण किया। तत्पश्चात महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने मीटिंग का एजेण्डा प्रस्तुत किया। जिसमें आगामी 2 व 3 दिसम्बर को संस्था भवन में आयोजित होने वाले आयोजन को लेकर चर्चा की गई। इसी क्रम में महामंत्री एडवोकेट राहुल सैनी ने कहा कि मालियां शिव मन्दिर में नवीन मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अन्तर्गत 2 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा, मूर्तियों का नगर भ्रमण के साथ कलश यात्रा का आयोजन रखा गया।

इसी क्रम में 3 दिसम्बर को हवन के साथ नवीन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम कार्यक्रम आयोजित किया। जानकारी के अनुसार 3 दिसम्बर के हवन के मुख्य यजमान पूर्व प्राचार्य सत्यनारायण पातरिया रहेंगे। उक्त कार्यक्रम को लेकर माली समाज अध्यक्ष तेजकरण सैनी ने समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में उक्त कार्यक्रमों में भाग लेकर सफल बनाने की अपील की है। वहीं सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## ढाई लाख के मूंग की चोरी

- '10 बोरी मूंग की और खुले 70 बोरी में से करीब 25 बोरी पिकअप में भरकर चोर फरार हो गए'
- घटना का पता सुबह 5 बजे लगा, जब वह गाय का दूध निकालने गया

**टोंक।** लांबाहरिसिंह कस्बे में शनिवार रात को मोरला रोड पावरहाउस के सामने एक सूने मकान में ढाई लाख रुपए के करीब 35 बोरी मूंग चुराकर ले गए। इसकी जानकारी सुबह पीड़ित को लगी, जिसकी सूचना पुलिस को दी, जहां पुलिस मौके पर पहुंची और जायजा लिया। उधर यह चोरी की वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

किसान श्रीराम माली ने बताया कि 10 बोरी मूंग की और खुले 70 बोरी में से करीब 25 बोरी पिकअप में भरकर चोर फरार हो गए। घटनास्थल पर पिकअप के टायर के चिन्ह देखे गए हैं। मकान के पास ही पीड़ित के भाई के ट्रैक्टर ट्रॉली में कृषि यंत्र रखे थे, चोरों ने स्पीकर एवं अन्य कृषि यंत्र भी चुरा ले गए। पीड़ित ने लांबाहरिसिह पुलिस थाने में चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। कस्बेवासियों का कहना है कि पिछले 2 साल में दिनों दिन चोरियों की वारदात होती जा रही है, लेकिन एक भी चोरी का खुलासा पुलिस ने अभी तक नहीं किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित दूसरे मकान में रहता था। जिसको घटना का पता सुबह 5 बजे लगा, जब वह गाय का दूध निकालने गया। जहां मकान में बने हाल के ताले टूटे मिले। बाद में इसकी सूचना लांबाहरिसिंह पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर मौका मुआयना किया। यह चोरी की वारदात मकान के पास पावर हाउस के सामने खाद बीज की दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। यह वारदात रात 9 बजे बाद हुई। उसमें चोर पिकअप में मूंग भरकर मोरला गांव की ओर जाते दिखाई दिए। पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई हैं।

# 'सामाजिक मंच पर मिले सम्मान से प्रतिभाओं को देश के लिये कुछ कर गुजरने मिलता सम्बल'



मालपुरा मे आयोजित विप्र प्रतिभा सम्मान समारोह मे केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने 181 विप्र प्रतिभाओं का किया सम्मान।

**मालपुरा** (निस) विप्र फाउण्डेशन तहसील मालपुरा के तत्वाधान मे रविवार को मालपुरा मे तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह मे मौजूद केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने विप्र समाज को 181 प्रतिभाओं का सम्मान करते हुये कहा कि सामाजिक मंच पर मिले सम्मान से प्रतिभाओं को देश व समाज के साथ-साथ अपने परिवार के लिये कुछ कर गुजरने तथा अपनी मंजिल पाने का सम्बल मिलता है।

यूं तो पानी व प्रतिभा किसी की मोहताज नही होती है। वो अपनी मंजिल पाने के लिये स्वंय ही बना लेती है रास्ता। युवा व प्रतिभाओं के लिये मार्गदर्शक बने केबिनेट मंत्री का फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित मालपुरा तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल पीपल्वा एवं विप्र जनो ने किया सम्मान। समारोह मे संगठन के प्रदेश पदाधिकारी राजेश कर्नल सहित श्याम सुन्दर शर्मा,जगदीश सिखवाल,राजाराम शर्मा,अखिल भारतीय च्यवन गौड ब्राह्मण समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र तिवाडी,कन्हैयालाल शर्मा, आरएएस अधिकारी मनमोहन शर्मा,ने भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवल्लित कर समारोह का शुभारम्भ किया। जय परशुराम के जयघोष के साथ शुरू हुये समारोह मे मौजूद विप्रजनो को सम्बोधित करते हुये केबिनेट मंत्री ने कहा कि ब्राह्मण तो देवतुल्य है सनातन से लेकर अब तक देश की संस्कृति,ज्ञान व सुरक्षा के क्षैत्र मे विप्रो के योगदान का भारत विकास एवं प्रगति रिपोर्ट अग्रसर है। इस दौरान मंचाशील विप्र गौरव रामनारायण आंजला,बिरदी चन्द शर्मा,ओमप्रकाश शर्मा,आशीष शर्मा,डॉ. आशा,केप्टन अखिल तिवाडी,सुनिता शर्मा,पवन शर्मा ने प्रतिभाओं का मार्गदर्शन किया। महामंत्री अरविन्द त्रिपाठी ने बताया कि समारोह मे शिक्षा के साथ-साथ खेल व राजकीय सेवाओं सहित अन्य क्षैत्रो मे उपलब्धि हासिल करने वाली कुल 181 प्रतिभाओं का सम्मान किया गया।

साथ ही समाज के भामाशाहाओं को भी सम्मान से नवाजा गया। तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल शर्मा ने अतिथियो व विप्र जनो का आभार जताया। तहसील स्तरीय समारोह के आयोजन के दौरान विनय शर्मा,पुरूषोत्तम शर्मा, दशरथ मुंशी,इंद्रराज शर्मा, नन्दकिशोर श्रोत्रिये, बुद्धिप्रकाश गोवला, हरिनारायण, अरूणा पाराशर,मधु पारीक, युवा तहसील अध्यक्ष चेतन शर्मा, नरेन्द्र बील,भवानीशंकर शर्मा, अमित काच्छवाल सहित सैंकडो विप्रजन उपस्थित रहै।

## नीम के पेड पर रस्सी के फंदे से झुलता मिला विवाहिता का शव

**मालपुरा, (निस)।** शहर के जयपुर रोड फलोदी बालाजी मंदिर के पिछवाडे एक खेत मे रविवार की दोपहर को नीम के पेड पर रस्सी के फंदे से झुलता मिला विवाहिता का शव। मालपुरा थाना एएसआई रामनारायण गुर्जर ने बताया कि रविवार की दोपहर जरिये दूरभाष के सुचना मिली कि एक नीम के पेड पर महिला का शव फं दे से लटका हुआ है। सुचना पर तत्काल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच महिला के शव को पुलिस सुरक्षा मे ले अस्पताल की मोर्चरी मे रखवाया गया। मौके पर मौजूद लोगो ने मृतक विवाहिता की पहचान नैना पुत्री रतनलाल गुर्जर निवासी गुर्जरो की ढाणी वार्ड नम्बर 28 मालपुरा के रूप मे की।

सुचना मिलने पर मौके पर पहुंचे परिजनो ने बताया कि मृतक नैना गुर्जर का विवाह सोडा मे सामाजिक रिति-रिवाज से किया गया था। वर्तमान मे नैना जयपुर मे रहते हुये कम्पीटीशन की तैयारी कर रही थी। दो दिन पहले ही मालपुरा अपने परिवारजनो के पास आई थी। घटना के दौरान पिता खेत पर कृषि कार्य के लिये गये हुये थे तो मां ढाणी मे ही आयोजित शादी समारोह मे गई थी।

## सार-समाचार

### मीनाक्षी सांवरिया को रानी लक्ष्मी बाई समर्पण अवॉर्ड से नवाजा



**चाकसू।** समर्पण संस्था के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय सम्मान समारोह में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर कस्बा निवासी एवं सांवरिया हॉस्पिटल संस्थापक डॉक्टर मीनाक्षी सांवरिया को 9 वाँ रानी लक्ष्मी बाई समर्पण समाज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में देश भर से चयनित 54 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव 2024 और 20 युवा प्रतिभाओं को समर्पण युवा जाग्रति 2024 अवॉर्ड से नवाज़ा।

### फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित

**दूदू।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के निर्देश पर सोमवार, 18 नवम्बर को दूदू स्थित खंड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यालय में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया की तरफ से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण जयपुर द्वितीय की टीम द्वारा फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉक्टर हंसराज भदालिया ने बताया कि सुबह 11 से शाम 4 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में खाद्य व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन बनाकर वितरित करने के साथ ही व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 में निहित प्रावधानों की जानकारी दी जाएगी। शिविर में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा किराना, मिठाई, होटल, डेयरी, रेस्टोरेंट, हलवाई, केटरिंग व्यापारियों, फास्ट फूड, चाट, पकौड़ी, फल, सब्जी का ठेला, स्टॉल लगाने वाले विक्रेताओं के आवेदन ऑनलाइन कर मौके पर ही लाइसेंस/रजिस्ट्रेशन जारी किए जाएंगे। शिविर मे एमएफटीएल (मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ऑन व्हील्स) के माध्यम से आमजन को खाद्य पदार्थों की शुद्धता, गुणवत्ता एवं मिलावट के संबंध मे जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही आमजन के लिए खाद्य पदार्थों की जाँच करवाने की सुविधा मौके पर ही उपलब्ध होगी। शिविर में जिन खाद्य कारोबारकर्ता का वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से कम है, उनका फूड रजिस्ट्रेशन जारी किया जाएगा। उन्हें फूड रजिस्ट्रेशन के लिए आवश्यक दस्तावेज के रूप मे आधार कार्ड, पेन कार्ड की फोटो कॉपी एवं स्वयं की एक पासपोर्ट साइज की फोटो साथ लानी अनिवार्य है। जिन खाद्य कारोबारकर्ता का वार्षिक टर्न ओवर 12 लाख से ज्यादा है, उन्हें फूड लाइसेंस के लिए आधार कार्ड की कॉपी, पेन कार्ड, बिजली बिल, जीएसटी रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता होगी। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि शिविर का लाभ उठाए और कोई भी व्यापारी लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के बिना नहीं रहे। ध्यान रखें कि बिना लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन के खाद्य सामग्री बेचना गैर कानूनी है। इसके लिए सजा व जुर्माने का प्रावधान है।

### जल जीवन मिशन के तहत नहीं मिल रहा लोगों को पानी

**गोविन्दगढ़।** गोविन्दगढ़ उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत दोंगड़ी की गांव डाबरी में जलजीवन मिशन योजना का लाभ अभी तक ग्रामीणों से दूर है जबकि क्षेत्र में कई स्थानों पर इस योजना के तहत पानी की टंकी और गांव के अंदर पानी की लाइन बिछाई जा चुकी हैं । यहां पर कई वर्षों पूर्व लगा प्लांट भी तूफान में कई वर्ष पूर्व ही क्षितग्रस्त होकर हट चुका है। अब ग्रामीणों को गोविंदगढ़ कस्बे से वॉटर की गाड़ियों से पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है । हालात यहां तक है कि अगर गाड़ी गांव में न पहुंचे तो पीने के पानी को यहां के लोग तरस जाते हैं। शहाबुद्दीन खान ने बताया कि उन्होंने जलजीवन मिशन के अधिकारियों से बात की और उन्हें अवगत कराया कि यहां पर अभी तक पानी की टंकी ,पाइपलाइन और बोर का काम नहीं हुआ है यहां पर काफी समस्या आ रही है यह कार्य कराया जाए लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। इस मामले में सरपंच से भी बात की लेकिन वह भी इस मामले में कोई गौर नहीं कर रहा है। ग्राम विकास अधिकारी रविंद्र सिंघल ने बताया कि ग्राम पंचायत के गांव डाबरी में अभी तक जलजीवन मिशन के तहत ना तो कोई पानी की टँकी बनी है और ना ही गांव के अंदर पाइपलाइन डाली है । यही नहीं ग्राम पंचायत के किसी भी गांव के अंदर इस योजना का लाभ नहीं मिला है। और गांव के अंदर जो प्लांट लगा हुआ था वह तूफान में क्षितग्रस्त हो गया था । वह पीएचईडी विभाग के अधीन आता है।

### कूकस पंचायत में रैगरों की ढाणी में सरकारी डूंगरी पर माफिया का कब्जा

**आमेर/कूकस।** पंचायत में स्थित रैगरों की ढाणी इन दिनों जमीन माफियाओं के निशाने पर है। यहां की करोड़ों रुपए मूल्य की सरकारी डूंगरी को लगातार खुर्द-बुर्द किया जा रहा है। सरकारी संपत्ति पर हो रहे इस अवैध कब्जे और दोहन की जानकारी प्रशासन को होने के बावजूद, स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है। 18 जुलाई 2024 को इस मुद्दे पर एक समाचार प्रकाशित हुआ था, जिसमें माफियाओं द्वारा डूंगरी से पत्थरों और मिट्टी का अवैध खनन और बिक्री का खुलासा हुआ था। बावजूद इसके, संबंधित विभाग और प्रशासन ने कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। स्थानीय लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन उनकी आवाज को अनसुना किया जा रहा है। डूंगरी की जमीन पर कब्जा करने वाले माफिया पहले वहां से कीमती पत्थरों और मिट्टी को निकालते हैं और फिर उस जमीन को समतल कर कब्जा जमा लेते हैं। इसके बाद इस जमीन को टुकड़ों में बेच दिया जाता है। ग्रामीणों द्वारा बताया जा रहा है कि इन टुकड़ों की कीमत लाखों रुपए में होती है। माफिया यह सब गैर-कानूनी ढंग से करता है, जिससे सरकार को न केवल आर्थिक नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यावरण को भी गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन इस पूरे मामले में जानबूझकर आंखें मूंदे बैठा है। कई बार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का कहना है कि माफिया को प्रशासन की मिलीभगत का फायदा मिल रहा है। अधिकारी जानबूझकर इस अवैध खनन और कब्जे को नजरअंदाज कर रहे हैं।

## "साहित्य और समाज में प्रसिद्ध रचनाकार ओमप्रकाश वाल्मीकि का योगदान अमिट रहेगा"

- दलित शोषण मुक्ति मंच ने स्मृतिदिवस पर प्रसिद्ध साहित्यकार ओमप्रकाश वाल्मीकि को किया याद

**अलवर।** दलित शोषण मुक्ति मंच की ओर से आज शाम बुध विहार में स्मृति दिवस पर विश्व प्रसिद्ध साहित्यकार ओमप्रकाश वाल्मीकि को याद कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मंच जिला संयोजक एडवोकेट बी एल वर्मा, प्रदेश सहसंयोजक डॉ. रमेश बैरवा,फूलचंद, जीतसिंह,कमलेश कुमार,महेश जाजोरिया ने ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताओं का पाठ किया तथा उनकी

विश्वप्रसिद्ध आत्मकथा "जूठन" के साहित्य में योगदान के बारे में विचार प्रस्तुत किए। ओमप्रकाश वाल्मीकि की कविताएं,

"कुआँ ठाकुर का,पानी ठाकुर का,खेत-खलिहान ठाकुर के,गली-मुहल्ले ठाकुर के,फिर अपना क्या?"

"मेरी मां ने जने सब अछूत ही अछूत,तुम्हारी मां ने सब बामन ही बामन", वे भूखे हैं पर आदमी का मांस नहीं खाते, प्यासे हैं पर लहू नहीं पीते,उनके सिर पर छत नहीं है,पर दूसरों के लिए छत बनाते हैं।",

"तुम पराए क्यों लगते हो उन्हें,कभी सोचा है", यदि तुम्हें धकेल कर गांव से बाहर कर दिया जाए, पानी तक न लेने दिया जाए कुएं से,दुत्कारा-फटकार जाए, चिलचिलाती दोपहर में कहा जाए तोड़ने को पत्थर,काम के बदले दिया जाए खाने को जूठन, तब तुम क्या करोगे" जैसी दिल और दिमाग को झकझोर देने वाली कविताओं का पाठ किया गया।